**मुख्य समाचार :–**

- पौड़ी जिले में जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार अभियान के तहत 115 न्याय पंचायतों में बहुउद्देश्यीय शिविरों में अब तक 25234 लोगों ने प्रतिभाग किया।
- महिला सशक्तिकरण को जमीनी स्तर पर सशक्त रूप देने की दिशा में पिथौरागढ़ में मेरा सपना मेरा लक्ष्य कार्यक्रम निरंतर प्रभावशाली परिणाम दे रहा है।
- रुद्रप्रयाग जिले में सभी विकास खंडों में कार्यरत पंचायत अधिकारी सप्ताह में तीन दिन अनिवार्य रूप से अपने–अपने क्षेत्रों में फील्ड भ्रमण करेंगे और कैंप आयोजित करेंगे।
- सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून के गुनियाल गांव में निर्माणाधीन सैन्यधाम की भव्यता एवं दिव्यता पर विशेष ध्यान देने को कहा।

**पौड़ी**

पौड़ी जिले में जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार अभियान 18 दिसंबर 2025 से शुरू हुआ है, जो 18 मार्च 2026 तक चलेगा। इस दौरान जिले की 115 न्याय पंचायतों में बहुउद्देश्यीय शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। जिले में अब तक आयोजित शिविरों में 25234 लोगों ने प्रतिभाग किया। शिविरों के दौरान 1954 शिकायतें दर्ज की गयीं, जिनमें से 1223 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इसके साथ ही शिविरों में 1323 विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र भी बनाए गए। वहीं 9046 पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं के तहत लाभ प्रदान किया गया। जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने बताया कि जिले में अधिकांश न्याय पंचायतों में अभियान के तहत शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। शिविरों में विभागीय अधिकारी ग्रामीणों की समस्याएं गंभीरता से सुन रहे हैं और प्राथमिकता के आधार पर उनका समाधान भी मौके पर सुनिश्चित किया जा रहा है।

**मेरा सपना मेरा लक्ष्य**

महिला सशक्तिकरण को जमीनी स्तर पर सशक्त रूप देने की दिशा में पिथौरागढ़ में मेरा सपना मेरा लक्ष्य कार्यक्रम निरंतर प्रभावशाली परिणाम दे रहा है। इसी क्रम में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, धारचूला की 26 छात्राओं को प्रशासन से सीधे जोड़ने का सार्थक प्रयास किया गयझ कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं ने जनपद के विभिन्न शासकीय कार्यालयों का शैक्षिक भ्रमण किया तथा महिला प्रशासनिक अधिकारियों के साथ प्रत्यक्ष संवाद स्थापित कर प्रशासनिक व्यवस्था की कार्यप्रणाली को नज़दीक से समझा। जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने छात्राओं को कहा कि प्रशासन का द्वार आपके लिए सदैव खुला है। यदि किसी भी छात्रा को मार्गदर्शन की आवश्यकता होगी, तो सभी अधिकारीगण व्यक्तिगत रूप से सहयोग के लिए उपलब्ध रहेंगे।

**रुद्रप्रयाग**

रुद्रप्रयाग जिले में ग्राम स्तर पर शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और जन समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जिला प्रशासन ने अहम निर्णय लिया है। जिले के सभी विकास खंडों में कार्यरत पंचायत अधिकारी सप्ताह में तीन दिन अनिवार्य रूप से अपने–अपने क्षेत्रों में फील्ड भ्रमण करेंगे और कैंप आयोजित करेंगे। जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि फील्ड भ्रमण और कैंप आयोजन के दौरान संबंधित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ बेहतर समन्वय बनाया जाए। जिला प्रशासन का मानना है कि पंचायत अधिकारियों की नियमित फील्ड उपस्थिति से ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान संभव होगा।

**केंद्रीय नागर विमानन मंत्री**

केंद्रीय नागर विमानन मंत्री के. राम मोहन नायडू ने कहा है कि 2026–27 का केंद्रीय बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत कार्यक्रम के अंतर्गत 2047 तक देश को एक विकसित राष्ट्र में बदलने के दृष्टिकोण को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि भारत की स्थिर सात प्रतिशत विकास दर प्रधानमंत्री के नेतृत्व की शक्ति को दर्शाती है। श्री नायडू ने कहा कि प्रतिकूल वैश्विक परिस्थितियों के बावजूद देश विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। उन्होंने ने कहा कि यह बजट लाखों युवाओं के विचारों और आकांक्षाओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। श्री नायडू ने कहा कि यह बजट राजनीतिक विचारों से इतर दीर्घकालिक राष्ट्रीय विकास पर केंद्रित है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस बजट में विनिर्माण, बायोफार्मा, खेल सामग्री और सूचना प्रौद्योगिकी जैसे प्रमुख क्षेत्रों के लिए बड़ी धनराशि आवंटित की गई है।

**सैन्यधाम**

सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून के गुनियाल गांव में निर्माणाधीन सैन्यधाम के अंतिम चरणों के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यदायी संस्था एवं विभागीय अधिकारियों को निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मंत्री गणेश जोशी ने सैन्यधाम की भव्यता एवं दिव्यता पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने बताया कि सैन्यधाम करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है और इसका निर्माण कार्य अब लगभग अंतिम चरण में है। देशभर के प्रमुख स्मारकों के अध्ययन के बाद इस सैन्यधाम का निर्माण किया जा रहा है।

**उत्तरकाशी**

उत्तरकाशी जिले में चारधाम यात्रा को ध्यान में रखते हुए ओपन टनल के पास नए पार्क का निर्माण किया गया। इसके साथ ही मणिकर्णिका घाट पुल, केदार घाट पुल और तिलोथ पुल पर की गई लाइटिंग व्यवस्था का एसडीएम डुंडा देवानंद शर्मा और नगर पालिका अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौहान ने लोकार्पण किया। पालिका बोर्ड के एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में रामलीला मैदान में श्रीकाशी विश्वनाथ फुटबॉल ट्रॉफी का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कुल आठ टीमें भाग ले रही हैं। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि चारधाम यात्रा पर आने वाले देश–विदेश के श्रद्धालु और पर्यटक मां गंगा के साथ पूरे शहर का सुंदर नजारा देख सकेंगे।

**बद्रीनाथ एवं केदारनाथ**

बद्रीनाथ एवं केदारनाथ मंदिरों मे ग्रीष्मकाल के साथ ही शीतकालीन पूजा स्थलों मे भी यात्रियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। जिससे पर्यटन को लेकर नई संभावना जगी है। इसी को देखते हुए बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के अधीनस्थ कई मंदिरों का भी जीर्णोद्धार करने की मांग उठ रही है। जिससे यदि मंदिरों का कायाकल्प हो तो निश्चित ही इन पौराणिक महत्व के देवस्थलों तक भी श्रद्धालुओं का आवागमन हो सकेगा। उपाध्यक्ष बीकेटीसी ऋषि प्रसाद सती ने बताया कि बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति अधीनस्थ मंदिरों के जीर्णोद्धार एवं व्यापक प्रचार प्रसार के लिए प्रतिबद्ध है, इन दिनों मंदिर समिति की टीम विभिन्न अधीनस्थ मंदिरों तक पहुंचकर वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी का कार्य कर रही है ताकि जल्द से जल्द इनके जीर्णोद्धार की कार्ययोजना को मूर्तरूप दिया जा सके।